


## खबरों में रहे स्टॉक


### पेज इंडस्ट्रीज




वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 52 प्रतिशत बढ़ा

₹ 46,410.8 पिछला बंद भाव
₹ 46,951.0 आज का बंद भाव
1.2 % ▲


### कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनैशनल




बिजली और बुनियादी ढांचा क्षेत्र में 2,372 करोड़ रुपये के नए ऑर्डर हासिल किए

₹ 1,020.5 पिछला बंद भाव
₹ 1,062.0 आज का बंद भाव
4.1 % ▲


### प्रिज्म जॉनसन




वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के दौरान 129 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया

₹ 133.5 पिछला बंद भाव
₹ 140.5 आज का बंद भाव
5.2 % ▲


### इरकॉन इंटरनैशनल




पूर्वानुमानित रखरखाव प्रणाली के लिए उत्तर पश्चिमी रेलवे से ठेका हासिल किया

₹ 172.9 पिछला बंद भाव
₹ 177.5 आज का बंद भाव
2.7 % ▲

### एलेम्बिक फार्मास्युटिकल्स




रिवारोक्साबन टैबलेट के लिए यूएसएफडीए की अंतिम मंजूरी मिली

₹ 908.2 पिछला बंद भाव
₹ 912.8 आज का बंद भाव
0.5 % ▲

## संक्षेप में

### आईटीसी होटल्स का मुनाफा 19 फीसदी बढ़ा

आईटीसी होटल्स लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में 19 फीसदी बढ़कर 257.85 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। यह वृद्धि राजस्व बढ़ने के कारण हुई। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 216 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ अर्जित किया था। कंपनी एकीकृत परिचालन आय तिमाही में 1,060.62 करोड़ रुपये रही, जो 2023-24 की समान तिमाही में 1,015.4 करोड़ रुपये थी। *भाषा*

### ल्यूपिन का लाभ दोगुने से ज्यादा बढ़ा

दवा कंपनी ल्यूपिन का एकीकृत शुद्ध लाभ बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में दोगुना से अधिक होकर 782 करोड़ रुपये रहा है। ल्यूपिन का एक साल पहले 2023-24 की इसी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 368 करोड़ रुपये रहा था। कंपनी ने बुधवार देर शाम बयान में कहा कि उसकी बिक्री मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में बढ़कर 5,562 करोड़ रुपये रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 4,895 करोड़ रुपये थी। निदेशक मंडल ने 2024-25 के लिए 12 रुपये प्रति शेयर के अंतिम लाभांश की सिफारिश की है। *भाषा*

### गॉडफ्रे फिलिप्स के मुनाफे में इजाफा

सिगरेट कंपनी गॉडफ्रे फिलिप्स इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की मार्च में समाप्त चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 30.73 फीसदी बढ़कर 293.96 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च की अवधि में 224.86 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। *भाषा*

### क्रॉम्पटन ग्रीव्स का लाभ 28.7 फीसदी उछला

क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 28.7 फीसदी बढ़कर 171.74 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने एक साल पहले जनवरी-मार्च तिमाही में 133.43 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। *भाषा*

### अरविंद लिमिटेड के शुद्ध लाभ में इजाफा

कपड़ा और परिधान क्षेत्र की प्रमुख कंपनी अरविंद लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 48 फीसदी बढ़कर 154.64 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी ने 104.42 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध लाभ कमाया था। *भाषा*

### कोचीन शिपयार्ड का शुद्ध लाभ बढ़ा

सार्वजनिक क्षेत्र की कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 10.93 फीसदी बढ़कर 287.18 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 258.88 करोड़ रुपये रहा था। *भाषा*

# एआई, डेटा और क्लाउड पर ध्यान बढ़ा रही टीसीएस

**शिवानी शिंदे**
मुंबई, 15 मई

### कंपनी ने नेतृत्व टीम में हाल में की हैं कई नियुक्तियां

भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा फर्म टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) आर्टीफिशल इंटेलीजेंस (एआई), डेटा और क्लाउड जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्रों पर अपना ध्यान बढ़ा रही है। इस खास प्रयास के तहत कंपनी ने चौथी तिमाही के नतीजों के बाद नेतृत्व संबंधित प्रमुख नियुक्तियों की घोषणा की है।

आरती सुब्रमण्यन को कार्यकारी निदेशक-अध्यक्ष और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ), जबकि मंगेश साठे को मुख्य रणनीति अधिकारी बनाया गया। इन नियुक्तियों का उद्देश्य कंपनी की नेतृत्व क्षमता को मजबूत बनाना है। टीसीएस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी के कृतिवासन ने सुब्रमण्यन की नियुक्ति के बारे में जानकारी देते हुए कहा, 'नेतृत्व क्षमता बढ़ाने और महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए आरती हमारी सर्विस लाइंस की कमान संभालेंगी। वे मैन्युफेक्चरिंग और टेकएसएस उद्योग वर्टिकलों को भी अपना मार्गदर्शन मुहैया कराएंगी। इन क्षेत्रों के कारोबारी प्रमुख उन्हें रिपोर्ट करेंगे।'

सुब्रमण्यन मुख्य विकास क्षेत्रों के रूप में पहचानी गई प्रमुख सेवा लाइनों का प्रभार संभालेंगी, जिनमें एआई, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), साइबर सुरक्षा, उद्यम समाधान और क्लाउड शामिल हैं। टीसीएस के सालाना कार्यक्रम 'ब्लिट्ज' के दौरान इन क्षेत्रों पर चर्चा की गई थी। इस घटनाक्रम से अवगत एक अधिकारी ने कहा, 'ये पांच क्षेत्र टीसीएस के हाइपर-फोकस एरिया होंगे।'

इसी तरह, साठे को मुख्य रणनीति अधिकारी चुना गया, जो विलय-अधिग्रहण, परामर्श और अन्य प्रमुख पहलों की जिम्मेदारी संभालेंगे।

परिचालन दक्षताएं बढ़ाने के प्रयास में, टीसीएस ने रिसोर्स मैनेजमेंट ग्रुप (आरएमजी) के वैश्विक प्रमुख के तौर पर चंद्रशेखरन रामकुमार की नियुक्ति की है। उनकी नियुक्ति 1 मई, 2025 से प्रभावी है। इससे पहले, रामकुमार ब्रिटेन और आयरलैंड में कंपनी के मानव संसाधन विभाग की कमान

संभाल रहे थे। सीएचआरओ मिलिंद लक्कड़ द्वारा उनकी नियुक्ति की पुष्टि वाले ईमेल में कहा गया है, 'रामकुमार टीसीएस में मानव संसाधन प्रमुख के रूप में 25 वर्षों से अधिक समय का मजबूत अनुभव लेकर आए हैं। आरएमजी में उनके अनुभव में चेन्नई और उत्तर अमेरिका में आरएमजी की कमान संभालना भी शामिल है। वे चेन्नई इकाई के लिए एचआर हेड और सीपीजी ग्रुप के लिए एचआर हेड की भी जिम्मेदारी निभा चुके हैं।'




### टीसीएस की ब्रांड वैल्यू 28 फीसदी बढ़ी

**कैंटर** ब्रांड्ज मोस्ट वैल्युएबल ग्लोबल ब्रांड्स 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज की ब्रांड वैल्यू 28 फीसदी बढ़कर 57.3 अरब डॉलर पहुंच गई है। भारत की सबसे बड़ी आईटी सेवा प्रदाता कंपनी अब वैश्विक स्तर पर 45वें पायदान पर है और इस सूची में दुनिया के विभिन्न उद्योगों के सबसे प्रमुख ब्रांड शामिल हैं।

कंपनी ने कहा कि इस साल की वृद्धि ब्रांड इक्विटी, अनुकूलता और जागरूकता में तेज वृद्धि को दर्शाती है। यह मान्यता कैंटर ब्रांड्ज मोस्ट वैल्युएबल इंडियन ब्रांड्स 2024 रैंकिंग में टीसीएस की हालिया उपलब्धि पर आधारित है, जहां टीसीएस ने लगातार तीसरे साल नंबर एक स्थान बरकरार रखा है। कैंटर ब्रांड्ज के प्रमुख मार्टिन गुएरिएरिया ने कहा, इस साल टीसीएस का प्रदर्शन एआई क्षमताओं के साथ बड़े पैमाने पर नवाचार की इसकी क्षमता को दर्शाता है, जो अब इसके पोर्टफोलियो में शामिल है। टीसीएस के रणनीतिक प्रायोजन कार्यक्रम अपने ब्रांड के इर्द-गिर्द एक मजबूत वैश्विक उपस्थिति और समुदाय का निर्माण जारी रखते हैं। *बीएस*

# लाभांश के भुगतान में टीसीएस उदार

पृष्ठ 1 का शेष

**टीसीएस** ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने शेयरधारकों को कुल 44,888 करोड़ रुपये का लाभांश दिया, जो वित्त वर्ष 2024 में 47,467 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड भुगतान से 5.4 फीसदी कम है। इसके मुकाबले वित्त वर्ष 2025 में उसका समेकित शुद्ध लाभ 5.8 फीसदी बढ़कर 48,553 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2025 में टीसीएस ने कोई शेयर बायबैक नहीं किया और शेयरधारकों को केवल लाभांश भुगतान किया गया।

इन्फोसिस का भुगतान अनुपात वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 76 फीसदी हो गया जो वित्त वर्ष 2024 में महज 59.6 फीसदी था। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025 के लिए अपने शेयरधारकों को कुल 20,295 करोड़ रुपये का इक्विटी लाभांश दिया, जो वित्त वर्ष 2024 में शेयर पुनर्खरीद सहित 15,631 करोड़ रुपये के भुगतान के मुकाबले 29.8 फीसदी अधिक है। इस दौरान कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ एक साल पहले के मुकाबले 1.8 फीसदी बढ़कर 26,713 करोड़ रुपये हो गया।

**वित्त वर्ष 2025 में टीसीएस ने कोई शेयर बायबैक नहीं किया और शेयर-धारकों को केवल लाभांश भुगतान किया गया**

विप्रो का भुगतान अनुपात वित्त वर्ष 2025 में महज 47.8 फीसदी रह गया जो कि एक साल पहले 129 फीसदी था। इसी प्रकार शेयरधारकों को कुल भुगतान भी वित्त वर्ष 2025 में 55.9 फीसदी घटकर 6,282 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी ने वित वर्ष 2024 में शेयर पुनर्खरीद सहित 14,247 करोड़ रुपये का भुगतान किया था। कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025 में एक साल पहले के मुकाबले 18.9 फीसदी बढ़कर 13,135 करोड़ रुपये हो गया।

एचसीएल का भुगतान अनुपात वित्त वर्ष 2025 में बढ़कर 93.4 फीसदी हो गया, जो एक साल पहले 89.6 फीसदी रहा था। कंपनी द्वारा कुल लाभांश भुगतान वित्त वर्ष 2025 में 15.5 फीसदी बढ़कर 16,250 करोड़ रुपये हो गया, जो एक साल पहले 14,073 करोड़ रुपये था। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025 में 10.8 फीसदी बढ़कर 17,399 करोड़ रुपये हो गया।

टेक महिंद्रा का भुगतान अनुपात वित्त वर्ष 2025 में घटकर 90.4 फीसदी रह गया, जो एक साल पहले 166.1 फीसदी था। वित्त वर्ष 2025 के लिए कंपनी का कुल लाभांश भुगतान 1.9 फीसदी घटकर 3,841.8 करोड़ रुपये रह गया। इस दौरान कंपनी का समेकित शुद्ध लाभ 80.3 फीसदी बढ़कर 4,251.5 करोड़ रुपये हो गया।

# अप्रैल में यात्री वाहनों की सर्वाधिक थोक बिक्री

**सोहिनी दास**
मुंबई, 15 मई

**वित्त** वर्ष 2025-26 के दौरान यात्री वाहनों की थोक बिक्री की अच्छी शुरुआत हुई है और अप्रैल में करीब 4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,48,847 वाहनों की बिक्री दर्ज की गई। सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सायम) के आंकड़ों से पता चलता है कि अप्रैल में दोपहिया वाहनों ने निराश किया और उनकी थोक बिक्री 16.7 प्रतिशत लुढ़ककर 14.5 लाख रह गई। तिपहिया साल 2024-25 के दौरान वृद्धि के अच्छे आंकड़े दे रहे थे। लेकिन अप्रैल में इनकी बिक्री में भी मामूली गिरावट आई और यह 0.7 प्रतिशत की गिरावट के साथ 49,441 रह गई।

सायम के महानिदेशक राजेश मेनन ने कहा कि अप्रैल में यात्री वाहन श्रेणी ने 3,48,847 वाहनों की बिक्री दर्ज की। यह अब तक की सर्वाधिक है। इसमें अप्रैल 2024 के मुकाबले 3.9 प्रतिशत तक का इजाफा हुआ है। मेनन ने कहा कि दोपहिया वाहन श्रेणी की बिक्री में गिरावट पिछले अप्रैल के ऊंचेआधार के असर की वजह से आई। आने वाले महीनों में इसमें तेजी की उम्मीद है।

यात्री वाहनों की श्रेणी के तहत कारों की बिक्री में गिरावट जारी रही। इसमें अप्रैल के दौरान 5.4 प्रतिशत तक की गिरावट आई जबकि यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 12.1 प्रतिशत बढ़कर 2,01,062 इकाई हो गई। इस विवरण में टाटा मोटर्स की बिक्री शामिल नहीं है। जेएसडब्ल्यू, किया और टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स ने यात्री वाहनों की घरेलू बिक्री में दमदार वृद्धि दर्ज की है जबकि ह्युंडै मोटर इंडिया, मारुति सुजूकी इंडिया और निसान ने निर्यात में इजाफा दर्ज किया है। भू-राजनीतिक तनाव के बीच अप्रैल में यात्री वाहनों के निर्यात में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई।

ह्युंडै मोटर इंडिया लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी तरुण गर्ग ने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि घरेलू बाजार विभिन्न व्यापक आर्थिक कारकों की वजह से चुनौतियों का सामना कर रहा है और कंपनी निर्यात पर लगातार ध्यान दे रही है।

दोपहिया वाहन श्रेणी की बात करें, तो डीलरों को भेजी गई मोटरसाइकलों की खेप को 22.7 प्रतिशत तक की सबसे ज्यादा गिरावट का सामना करना पड़ा जबकि स्कूटर की बिक्री में 5.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। बजाज ऑटो और हीरो मोटोकॉर्प की बिक्री में अप्रैल में भारी गिरावट देखी गई है और इनमें क्रमशः 13 प्रतिशत और 44 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

### यात्री वाहन डीलरों के राजस्व में होगी 9%तक की वृद्धि : क्रिसिल

**अंजलि सिंह**
मुंबई, 15 मई



**वित्त** वर्ष 26 के दौरान भारत की यात्री वाहन डीलरशिप के राजस्व में 7 से 9 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। इसमें पिछले वित्त वर्ष की तुलना में 100 आधार अंकों का सुधार होगा। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने यह जानकारी दी है। वाहनों की कमाई में मामूली वृद्धि और पिछले साल के बचे हुए स्टॉक के ऊंचे स्तर के बावजूद इस इजाफे की उम्मीद है।

करीब 110 यात्री वाहन डीलरों के क्रिसिल के विश्लेषण से पता चलता है कि कोविड के बाद की तेज उछाल में कमी आई है। लेकिन इस क्षेत्र को अब भी वॉल्यूम में स्थिर सुधार और बेहतर लाभ का फायदा मिल रहा है। इस वित्त वर्ष में वॉल्यूम वृद्धि 4 से 6 प्रतिशत आंकी गई है। इसका कारण उपभोक्ताओं की एसयूवी के लिए पसंद बरकरार रहना और स्थिर ग्रामीण मांग का समर्थन होना है, विशेष रूप से छोटी कारों के लिए।

क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक हिमांक शर्मा ने कहा, 'करों की संशोधित दर, कम ब्याज दरों और नरम मुद्रास्फीति के कारण शहरों में खर्च करने योग्य आय में वृद्धि एसयूवी की निरंतर लोकप्रियता के साथ-साथ शहरी मांग को बढ़ावा देगी। सामान्य मॉनसून और बेहतर कृषि आय से ग्रामीण बिक्री को लाभ होने के आसार हैं।' मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) की मूल्य वृद्धि और अधिक कीमत वाले एसयूवी मॉडल की ओर झुकाव के कारण कमाई में 3 से 4 प्रतिशत का अनुमान है।

# एक्जोनोबेल इंडिया का हिस्सा लेने के करीब जेएसडब्ल्यू

**देव चटर्जी**
मुंबई, 15 मई

**सज्जन** जिंदल की अगुआई वाला जेएसडब्ल्यू समूह एक्जोनोबेल इंडिया लिमिटेड की 75 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण के करीब है। एक्जोनोबेल की मूल कंपनी से यह हिस्सा करीब 12,000 करोड़ रुपये में खरीदा जाएगा। मामले से जुड़े जानकार सूत्र ने यह जानकारी दी।

इस सौदे से जेएसडब्ल्यू का पेंट के ड्यूलक्स ब्रांड की निर्माता पर नियंत्रण हो जाएगा। गुरुवार को एक्जोनोबेल का कुल बाजार पूंजीकरण 15,857 करोड़ रुपये रहा और यह सौदा प्रीमियम पर हो रहा है। सूत्रों ने जानकारी दी कि अधिग्रहण के लिए धन जुटाने की खातिर जिंदल फैमिली जेएसडब्ल्यू इन्फ्रास्ट्रक्चर की दो फीसदी हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रही है। सौदे में समर्थन के लिए निजी इक्विटी साझेदारों को भी शामिल किया जा सकता है।

छांटे गए गए सभी बोलीदाताओं, जिनमें पिडिलाइट इंडस्ट्रीज और इंडिगो पेंट्स भी शामिल, ने अप्रैल में बाध्यकारी प्रस्ताव पेश किए थे। पहले के दौर में अमेरिकी निजी इक्विटी प्रमुख ब्लैकस्टोन ने भी गैर-बाध्यकारी रुचि दिखाई थी। इससे एक्जोनोबल के भारतीय कारोबार की रणनीतिक कीमत का पता चलता है। यह सौदा जेएसडब्ल्यू के उपभोक्ता केंद्रित पेंट कारोबार में नवीनतम रणनीतिक प्रवेश को दर्शाता है। उसका लक्ष्य बढ़ती प्रतिस्पर्धा वाले बाजार में अपना आकार बढ़ाना है। एक्जोनोबल इंडिया के अधिग्रहण से जेएसडब्ल्यू को मजबूत राष्ट्रव्यापी वितरण नेटवर्क और नामी ब्रांड ड्यूलक्स तक पहुंच मिलेगी। हाल में आदित्य बिड़ला समूह ने इस बाजार में हलचल मचाई है। बाजार में एशियन पेंट्स का प्रभुत्व है।

बताया जाता है कि सज्जन जिंदल ने इस सौदे के लिए व्यक्तिगत रूप से बातचीत की अगुआई की थी। यह अंबुजा सीमेंट्स में स्विस प्रमुख होलसिम की हिस्सेदारी के लिए समूह की पिछली हाई-प्रोफाइल बोली की तरह है। 2022 में 7 अरब डॉलर के उस प्रयास पर अंततः अदाणी समूह भारी पड़ा जिसने यह अधिग्रहण किया और वह भारत का दूसरा सबसे बड़ा सीमेंट उत्पादक बन गया।

तब से जेएसडब्ल्यू ने एक आक्रामक विलय-अधिग्रहण की रणनीति अपनाई है। इसकी अक्षय ऊर्जा कंपनी, जेएसडब्ल्यू नियो एनर्जी चालू वित्त वर्ष में ओ2 पावर का अधिग्रहण करने जा रही है। यह सौदा करीब 12,468 करोड़ रुपये में होगा। मार्च में उसने केएसके एनर्जी का 16,000 करोड़ रुपये का अधिग्रहण पूरा किया, जिसे अब जेएसडब्ल्यू के व्यापक ऊर्जा प्लेटफॉर्म में शामिल किया जा रहा है।

विश्लेषकों ने हाल में प्रबंधन की टिप्पणियों का हवाला देते हुए कहा है कि एक्जोनोबेल के भारतीय कारोबार की बिक्री कैलेंडर वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही के अंत तक पूरा होने की उम्मीद है। एक्जोनोबेल एनवी ने पूरी तरह से नकद लेनदेन को प्राथमिकता देने का संकेत दिया है।

### जीएमडीसी का मुनाफा बढ़ा

**गुजरात** खनिज विकास निगम (जीएमडीसी) का एकीकृत शुद्ध लाभ पिछले वित्त वर्ष की जनवरी-मार्च तिमाही में 21 फीसदी बढ़कर 226.22 करोड़ रुपये हो गया। वित्त वर्ष 2023-24 की समान तिमाही में कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 187.24 करोड़ रुपये था। *भाषा*

# टाटा ऑटोकॉम्प और कैटकॉन का संयुक्त उद्यम

**टाटा** ऑटोकॉम्प सिस्टम्स और मेक्सिको की कैटकॉन ग्लोबल ने उत्तर अमेरिकी बाजार को ध्यान में रखते हुए मेक्सिको में कंपोजिट मटीरियल बनाने के लिए संयुक्त उद्यम का ऐलान किया है। यह नया उद्यम यात्री और वाणिज्यिक वाहनों, कृषि मशीनरी, ऑफ-रोड वाहनों और चुनिंदा गैर-वाहनों के क्षेत्रों के लिए हल्के समाधानों पर ध्यान देगा।

यह कदम भारत में इन दोनों कंपनियों के 13 साल के सहयोग के विस्तार का प्रतीक है जो अभी तक निकास प्रणालियों और उत्सर्जन नियंत्रण प्रौद्योगिकियों से जुड़ा रहा है। यह नया उद्यम इनकी अंतरराष्ट्रीय मौजूदगी को व्यापक बनाने का प्रयास है। इसमें प्रत्येक कंपनी पूरक क्षमताएं लाएगी - टाटा ऑटोकॉम्प प्रौद्योगिकी और ग्राहक संबंधों में और कैटकॉन नियामकीय समझ और स्थानीय संचालन में। *बीएस*

# एयरटेल के 4.76 करोड़ शेयर बेचेगी सिंगटेल

**शुभायन चक्रवर्ती और देव चटर्जी**
नई दिल्ली, 15 मई

**सिंगटेल** निर्धारित ब्लॉक डील के जरिये शुक्रवार को भारती एयरटेल के एक अरब डॉलर (8,568 करोड़ रुपये) मूल्य के शेयर बेच सकती है। सूत्रों ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सौदे का फ्लोर प्राइस 1,800 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है और सिंगटेल 4.76 करोड़ शेयर बेचने पर विचार कर रही है।

फ्लोर प्राइस भारती एयरटेल के शेयर के मौजूदा बाजार भाव से 3.3 प्रतिशत कम है। जेपी मॉर्गन इस सौदे की ब्रोकर हो सकती है। दिन के कारोबार के दैरान एयरटेल के शेयर का भाव 1.58 प्रतिशत बढ़कर 1,863.1 रुपये हो गया।

वर्तमान में सिंगापुर स्थित मुख्यालय वाली दूरसंचार कंपनी सिंगटेल के पास एयरटेल में खासी हिस्सेदारी है। यह अपनी सहयोगी कंपनी पेस्टल लिमिटेड के जरिये भारती एयरटेल में 9.5 प्रतिशत की प्रत्यक्ष हिस्सेदारी रखती है। संयुक्त रूप में देखें, तो एयरटेल की प्राथमिक प्रवर्तक कंपनी भारती टेलीकॉम लिमिटेड (बीटीएल) में अपनी 49.44 प्रतिशत हिस्सेदारी के जरिये एयरटेल में इसकी 29 प्रतिशत अप्रत्यक्ष हिस्सेदारी है।




**फिलहाल सिंगापुर की इस दूरसंचार कंपनी के पास एयरटेल में है 29.5 प्रतिशत हिस्सेदारी**

### वोडाफोन आइडिया की नई याचिका

**वोडाफोन** आइडिया ने गुरुवार को सर्वोच्च न्यायालय में नई याचिका दायर कर 30,000 करोड़ रुपये से अधिक के समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बकाया को माफ करने की मांग की है। साथ ही, एजीआर पर जुर्माना और ब्याज भी माफ करने का अनुरोध किया है। इस पर कोर्ट 19 मई को सुनवाई करेगा। सूत्रों के अनुसार वोडाफोन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने अदालत से कहा कि दूरसंचार क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा के लिए वोडाफोन आइडिया का अस्तित्व महत्त्वपूर्ण है और कंपनी अपने दम पर वित्तीय बोझ उठाने में असमर्थ है। *बीएस*

pnb Housing Finance Limited

**पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस को प्रभारित अचल आस्तियों की वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफासी ऐक्ट) के तहत निजी (गुप्त) समझौते के माध्यम से बिक्री की सूचना**

गिरधारी लाल केसवानी तथा संगीता केसवानी निवासी फ्लैट नंबर बी 03, प्लॉट नंबर 186, तृतीय तल, काटजू कालोनी, सत्यम अपार्टमेंट, इन्दौर, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452001, इन्दौर, भारत
एलएएन : NHLINDV/0719/726800 – NHL/IND/1022/1043321
शाखा का पता : पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, 201–ए एवं 202, द्वितीय तल, मेगापोलिस बिल्डिंग, 579, एमजी रोड, इन्दौर, मध्य प्रदेश – 452001 महाराष्ट्र – 401501
प्राधिकृत अधिकारी का विवरण : नाम : गौरव शर्मा
शाखा का फोन नंबर : 9755597819, ई–मेल आईडी : GAURAV.SHARMA@PNBHOUSING.COM, मोबाइल नंबर : 9755597819
निजी (गुप्त) समझौता 31 मई 2025 को निष्पादित किया जाएगा

चिह्नित क्रेता
अधोहस्ताक्षरी ने पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में सरफासी ऐक्ट, 2002 की धारा 13(4) के तहत अनुसूचित सम्पत्ति (सम्पत्तियों) का कब्जा ले लिया है। सार्वजनिक बोली आमंत्रित करके नीलामी करने के सभी पिछले प्रयास विफल रहे हैं। इसलिए, सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि बकाया राशि की वसूली के लिए, अनुसूची में वर्णित प्रतिभूत सम्पत्ति निजी (गुप्त) समझौते के माध्यम से, **"जैसी है जहां है"** तथा **"जैसी है जो है"** के आधार पर, पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को स्वीकार्य शर्तों के अनुसार बिक्री के लिए उपलब्ध है। निजी (गुप्त) समझौते के माध्यम से सम्पत्ति की बिक्री के लिए मानक नियम और शर्तें निम्नानुसार हैं :

1. निजी (गुप्त) समझौते के माध्यम से बिक्री **"जैसी है जहां है"** तथा **"जैसी है जो है"** के आधार पर होगी। अतएव, कोई सार्वजनिक बोली आमंत्रित नहीं की जाएगी।
2. सम्पत्ति क्रेता को बिक्री मूल्य की 25: राशि सम्पत्ति की खरीद के लिए प्रस्ताव की स्वीकृति प्राप्त होने के अगले कार्य दिवस को और शेष राशि तदुपरांत 15 दिन के भीतर जमा करनी होगी।
3. क्रेता को आवेदन के साथ ऑफर राशि की 10: राशि जमा करनी होगी, जो उपरोक्त क्लॉज (2) के अनुसार जमा की जाने वाली 25: राशि में समायोजित की जाएगी।
4. उपरोक्त क्लॉज (2) के तहत अपेक्षित राशि का भुगतान नहीं करने पर, आवेदन के साथ भुगतान की गई 10: राशि सहित पहले से भुगतान की गई राशि जब्त कर ली जाएगी।
5. पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस द्वारा क्रय ऑफर स्वीकार नहीं करने की स्थिति में, आवेदन के साथ भुगतान की गई 10: राशि बिना ब्याज वापस की जाएगी।
6. सम्पत्ति की बिक्री पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस को ज्ञात अथवा अज्ञात सभी वर्तमान और भावी भारों के साथ की जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/प्रत्याभूत ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी रूप में जिम्मेदार नहीं होगा।
7. क्रेता को अपनी संतुष्टि के अनुसार सम्पत्ति (निजी (गुप्त) समझौते के माध्यम से बिक्री के लिए) से संबंधित सभी पहलुओं पर सम्यक् सतर्कता जांच करनी चाहिए। क्रेता को बाद में इस संबंध में प्राधिकृत अधिकारी/ प्रत्याभूत ऋणदाता के विरूद्ध कोई दावा करने का अधिकार नहीं होगा।
8. पीएनबीएचएफएल का, बिना कोई कारण बताए, किसी भी क्रय प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. एक से अधिक ऑफर होने की स्थिति में पीएनबीएचएफएल उच्चतम ऑफर स्वीकार करेगा।
10. इच्छुक पार्टियां आगे की जानकारी/स्पष्टीकरण के लिए तथा अपना आवेदन प्रस्तुत करने के लिए प्राधिकृत अधिकारी से सम्पर्क कर सकती हैं।
11. क्रेता को सम्पत्ति के क्रय के संबंध में स्टाम्प ड्यूटी, पंजीकरण शुल्क तथा अन्य व्यय, कर, शुल्क वहन करने होंगे।
12. बिक्री सरफासी ऐक्ट/नियमों के प्रावधानों के अनुसार होगी।

अनुसूची सुरक्षित मूल्य (रु.) (जिससे कम पर सम्पत्तियां नहीं बेची जाएंगी) रु. 18,00,000/– (रूपये अठारह लाख मात्र)
सम्पत्ति(यों) का विवरण : फ्लैट नंबर बी 03, प्लॉट नंबर 186, तृतीय तल, काटजू कालोनी, सत्यम अपार्टमेंट, इन्दौर, इन्दौर, मध्य प्रदेश–452001, इन्दौर, भारत कुल रु. 18,00,000/– (रूपये अठारह लाख मात्र)

दिनांक : 16–05–2025, स्थान : इन्दौर
वास्ते पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस (प्राधिकृत अधिकारी)

**भोपाल संस्करण :** बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉकीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल\ आरएनआई नं. MPHIN/2008/24603 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं। टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600 फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं